## खबर संक्षेप

### सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण शीघ्र निपटाएं

**मैहर।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों एवं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतो सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह,एसडीएम मैहर विकाश सिंह,एसडीएम अमरपाटन श्रीमती आरती यादव,सीईओ प्रतिपाल बागरी,सीएमएचओ एलपी तिवारी,डीपीओ सौरभ सिंह,महिला बाल विकाश राजेंद्र बांगरे,अश्वनी जायसवाल,सीएमओ लालजी ताम्रकार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिला निरंकारी संत समागम आज

**सतना।** संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्ण नगर सतना में परम सत्कार योग प्रचारक बहन अनिता साधवानी का कटनी से शुभ आगमन होने जा रहा है। इन बहन जी की हुजूरी में विशाल महिला संत समागम गुरुवार दिनांक 11 जुलाई 2024 की शाम 5 बजे 7:30 बजे तक संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्ण नगर सतना में होना है।सतना ब्रांच सयोजक डॉक्टर जे.पी.सेवानी ने प्रार्थना भी की है की इस महिला समागम में आप सभी प्रभु प्रेमी माताएं बहनें सादर आमंत्रित हैं। सत्संग में समय से पहुंच कर बहन जी के वचनों को श्रवण करें एवं सतगुरु माता जी के आशीर्वाद के पात्र बने।

### बेजुबान जानवरों की मदद के लिए संगठन की ज़रूरत

**मैहर।** एक पशु प्रेमी का दर्द हम जिस शहर में रहते है जिला मैहर मध्य प्रदेश मैहर में इस शहर में एक एनजीओ होना चाहिए कई बार प्रत्येक प्रजाति के विभिन्न जानवर होते है गाय, भैस, घोड़ा, गधा, कुत्ता, और भी कई पर इनके मालिक न होने के कारण इनकी एक्सीडेंट के चलते किसी दुर्घटना के चलते मृत्यु हो जाती है कृपया इनके लिए कोई एनजीओ बनाया जाए और एनिमल एंबुलेंस होनी चाहिए। निःशुल्क क्यूंकि हम लोग यह काम जनसेवा में कर रहे है डॉक्टर्स को फोन करो तो उठते नहीं है और कई बार लगाओ तो बोलते है कि जानवर आपका निजी है तो बोलिए यह बोलकर बताने पर आते नहीं है बताइए क्या करे इन मासूम बेजुबानों के लिए मैं एक प्राईवेट कम्पनी में काम जन सेवी हूं मुझे किसी का कोई सहयोग नहीं है फिर भी मैं इन मासूमों की लिए सोचता हुं जो मुझसे होता है बनता है संभवतः मैं कुछ न कुछ करता हुं मुझे कोई सपोर्ट नहीं है किसी का भी कई बार ये बेजुबान तड़पते हुए अपनी जान गंवा देते है बहुत तकलीफ होती है क्यूंकि मैं कुछ कर नहीं सकता हुं इसलिए कोई मदद नहीं मिलती है कई बार जानवर बड़े और भारी होने की वजह से एक स्थान से दूसरे सेफ जगह लेजाने में बड़ी मुस्किल होती है।

### शाम को एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया महिला के अवैध संबंध के कारण पति ने दिया घटना को अंजाम

# सनसनीखेज वारदातः नजीराबाद में पति ने पत्नी और दो बच्चों का किया कत्ल, बाद में ट्रेन से कटकर की खुदकुशी



सतना। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नजीराबाद इलाके में मां और उसके दो बेटों की हत्या तथा पति की लाश रेलवे लाइन पर मिलने की खबर ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। दिनभर सनसनी फैली रही। पुलिस ने सभी शवों को पंचनामा कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। उसके बाद सीसीटीवी कैमरे और स्नाइपर डॉग की मदद से जान शुरू की। दिनभर इस बात को लेकर चर्चा रही कि यह हत्या है कि आत्महत्या। डीआईजी साकेत प्रकाश पांडे भी रीवा से सतना आकर घटना स्थल पहुंचे और बारीकी से जांच की। पुलिस की अलग-अलग जांच टीमें मनाई गई। ताबड़तोड़ जांच पड़ताल के बाद पुलिस नतीजे पर पहुंची और शाम को पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की।



पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को बताया कि मृतिका संगीता वर्मा के अवैध संबंध कमलेश नामक युवक से थे। शादी के बाद उसे वह फोन पर बात करने लगी थी। एक बार वह उसके साथ भी चली गई थी और बाद में लौटकर आकर पति राकेश के साथ रहने लगी।अवैध संबंधों की जानकारी पति को थी। घटना के पहले यानी मंगलवार की शाम उसने पत्नी को कमलेश से फोन पर बात करते देखा था। किसी से नाराज होकर उसने पहले पत्नी और बच्चों को मौत के घाट उतार दिया और उसके बाद रेलवे लाइन जाकर खुद अपनी जान दे दी। आपको बतादे कि हत्या की खबर मिलते ही पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,सीएसपी महेंद्र प्रताप सिंह,फॉरेंसिक वैज्ञानिक डॉक्टर महेंद्र सिंह और सिटी कोतवाली टीआई शंखधर द्विवेदी पुलिस फोर्स साथ मौके पर पहुंच गए थे। बारीकी से मौका-मुआयना कर जांच शुरू कर दिये।

### धारदार हथियार से गला रेंता, सिर कुचला

एसपी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि नजीराबाद में चंदा प्रजापति के मकान में एक दिन पहले रहने आए संगीता चौधरी 28 वर्ष उसके बेटे निखिल चौधरी 8 वर्ष व रितिक चौधरी 6 वर्ष के रक्त रंजित शव कमरे में मिले। तीनों के गले और सर पर धारदार हथियार से वार किए गए थे। कुछ देर बाद तिघरा रेलवे फाटक में पति राकेश चौधरी 30 वर्ष का शव रेलवे ट्रैक में मिला।

### प्रारंभिक जांच में पति ने हत्या की, फिर दे दी जान

प्रथम दृष्टया ऐसा लगा था कि राकेश ने पहले अपने पत्नी व दोनों बेटों की निर्मम तरीके से हत्या की फिर खुद रेलवे ट्रैक में जाकर ट्रेन से कट गया।

### एक दिन के लिए किराए पर लिया था कमरा

एसपी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि राकेश चौधरी और उसकी पत्नी मंगलवार सुबह ही चंदा प्रजापति के यहां आए और एक दिन के लिए कमरा मांगा।राकेश की पत्नी संगीता की चंदा प्रजापति से मजदूरी के दौरान दोस्ती हुई थी इसलिए उसने कमरा दे दिया था। कमरा लेने के बाद दोनों बच्चों को वहीं रख दोनों किराए का मकान ढूंढने निकल गए थे।

### देर रात 11 बजे से आवाज आना हो गई थी बंद

शाम को जब लौटे तो सब कुछ सामान्य लग रहा था। रात 11 के बाद कमरे से आवाज आना बंद हो गई थी। कमरा किराए पर देने वाली चंदा ने बताया कि उसे रात में कुछ पता नहीं चला वह जल्दी सो गई थी। सुबह 6 बजे जब उठी तो दरवाजा बाहर से बंद था और जब धक्का दिया तो अंदर का नजारा देखकर रूह कांप गई। कमरे में फर्श पर मां और बेटों के खून से लथपथ शव पड़े हुए थे। पुलिस को मृतक का मोबाइल मिला। लेकिन हत्या जिस हथियार से की गई वह नहीं मिला।

### पुलिस ने जो विस्तार से बताया

सिटी सिटी कोतवाली पुलिस को रेल्वे प्रशासन की ओर से सूचना मिली कि,किसी अज्ञात व्यक्ति का शव कटी हालात में मृत अवस्था में घटना स्थल 1174/09 (रेल्वे पोल के पास) तिघरा रेल्वे लाईन में पड़ा हुआ है जो सूचना पर थाना कोतवाली में मर्ग क्रं.55/24 धारा 194 बीएनएसएस के तहत पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण किया व पहचान की गई जो कि







मृतक की शिनाख्त राकेश चौधरी पिता गंगा प्रसाद चौधरी उम्र 32 साल निवासी ग्राम तिघरा लौहरौरा थाना कोतवाली का होना पाया। जांच में यह पता चला कि,मृतक तिघरा का रहने वाला था जो कल ही परिवार सहित मकान मालिक राजेश प्रजापित के घर नजीराबाद में रह रहा था। मृतक के रहने वाले स्थान की तस्दीक की गई तो यह जानकारी प्राप्त हुई कि,घटनास्थल राजेश प्रजापति का मकान हरदेव बाबा के पास नजीराबाद में एक महिला मृतिका संगीता वर्मा पति राकेश चौधरी उम्र 24 साल ग्राम तिघरा व उसके दो पुत्रों निखिल चौधरी उम्र 08 वर्ष व ऋषभ उम्र 06 वर्ष का शव किराये के बंद कमरे में मिला है जिनकी हत्या हुई है।

### ऐसे हुआ घटना का खुलासा

मामला गंभीर प्रवृत्ति का पाया जाने से घटनास्थल का निरीक्षण पुलिस उपमहानिरीक्षक रीवा रेंज साकेत पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा किया जाकर घटना की गंभीरता को देखते हुये तत्तकाल सीएसपी महेन्द्र चौहान,थाना प्रभारी कोतवाली व थाना प्रभारी सिविल लाइन के नेतृत्व में अलग अलग पुलिस टीम गठन कर व सायबर सेल को पतारसी हेतु निर्देशित किया।

### शादी के बाद से कमलेश से करती थी फोन पर बात

घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलन फारेंसिक अधिकारी महेन्द्र पटेल द्वारा किया गया एवं घटनास्थल में डाग स्काड व फिंगरप्रिंट द्वारा भी साक्ष्य संकलन किया गया।जांच में यह ज्ञात हुआ कि,मृतक राकेश चौधरी का विवाह मृतिका संगीता वर्मा के साथ करीबन 10 वर्ष पूर्व हुआ था जो शादी के बाद से तिघरा में रह रहे थे। शादी से उनके दो पुत्र निखिल उम्र 08 वर्ष व ऋषभ उम्र 06 वर्ष थे। मृतिका संगीता वर्मा शादी शुदा होने के बाबजूद कमलेश चौधरी से मोबाईल से बातचीत करने लगी थी उन दोनो की घनिष्टता ज्यादा हो गई थी। 15 फरवरी को मृतिका संगीता वर्मा अपने पति को बिना बताये अपने प्रेमी कमलेश के साथ घर से चली गई थी। उसके उपरांत वापस आने पर अपने पति राकेश चौधरी के साथ आकर रहने लगी थी।

### कटनी में स्कूल में पति की जगह कमलेश का लिखाया नाम

मृतिका अपने दोनों बच्चों को साथ लेकर पुनः कमलेश के साथ कटनी चली गई थी और उसी के साथ रह रही थी वहीं पर रहने के दौरान मृतिका संगीता चौधरी ने अपने लडके निखिल चौधरी का एडमीशन रघुवंश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,झिंझरी कटनी में करवाया था। 29 जून को स्कूल के एडमीशन फार्म में बालक निखिल चौधरी के पिता का नाम कमलेश चौधरी लिखवाया था। जिसके उपरांत 5 जुलाई मृतिका संगीता वर्मा पुनः वापस अपने पति के पास आ गई थी और अपने पति राकेश चौधरी के साथ रहने लगी थी और मृतक राकेश चौधरी अपनी पत्नि मृतिका संगीता के साथ आकर किराये का मकान ढूंढ रहे थे। पति को जानकारी मिलने के पश्चात अपने पति राकेश चौधरी के साथ ही रहने लगी थी जो मृतिका फिर भी अपने प्रेमी कमलेश से लगातार मोबाईल मे बात होती रहती थी।

### सीसीटीवी कैमरे से मिली मदद

साक्ष्य के लिये महत्वपूर्ण सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। जिसमें घटना स्थल वाले कमरे का आने जाने का रास्ता साफ साफ दिखाई देता है उस दरवाजे के अतिरिक्त कमरे में आने जाने का कोई रास्ता नही है। सीसीटीवी फुटेज में यह साक्ष्य सामने आये कि,रात्रि 08/15 बजे मृतक राकेश चौधरी अपने परिवार पत्नि मृतिका संगीता चौधरी व दोनों बच्चों निखिल व ऋषभ के साथ अपने कमरे आया है। जिसके बाद मृतिका संगीता चौधरी मोबाईल फोन पर लगातार बाते करते हुये दिख रही है। मृतक राकेश चौधरी 08/29 बजे अपने दोनो बच्चों को साथ लेकर रोड में ठेले के पास गया है और 08/51 बजे दोनों बच्चों के साथ वापस आ गया है। मृतिका संगीता इस दौरान लगातार कमलेश चौधरी से मोबाईल फोन पर बात कर रही थी तभी उसका पति राकेश चौधरी रुष्ट होकर मृतिका को बाहर से घर के अंदर लाता हुआ भी दिखा है।रात्रि 12/06बजे मृतक राकेश चौधरी अपने घर से बाहर निकला है दरवाजा बाहर से बंद किया है और पीछे कुंये तरफ जाता दिखा है उसके बाद बाहर रोड तरफ होकर चला गया है।फोरेंसिक एवं सी सी टीवी साक्ष्य से स्पष्ट है कि,मृतक राकेश चौधरी अपनी पत्नि संगीता चौधरी के इस तरह से दूसरे व्यक्ति से प्यार करने और लगातार उससे मोबाईल में बात करने को लेकर मृतक राकेश चौधरी द्वारा ही धारदार हथियार से अपनी पत्नि संगीता चौधरी व दोनों बच्चों की हत्या कर दिया है और स्वंय भी आत्मग्लानि वश रेल्वे लाईन में जाकर आत्महत्या कर लिया है।

### सतना में मजदूरी करता था पति राकेश

सतना के पास ग्राम तिघरा के रहने वाले राकेश चौधरी सतना में रहकर मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। मंगलवार 9 जून को ही यह परिवार नजीराबाद में रहने के लिए आया था। एसपी आशुतोष गुप्ता भी घटना स्थल पर पहुंचे हैं। मौत का कारण सामने नहीं आया है। पुलिस जांच कर रही है।

### पांच माह पहले कही चली गई थी पत्नी संगीता

संगीता का मायका बिरसिंहपुर के पास खांच रेउहान गांव में है। परिजनों ने बताया कि 5 महीने पहले वह बच्चों को साथ लेकर कहीं चली गई थी। इसकी थाने में शिकायत कराई गई थी। जब वह लौटकर आई, तब से किसी से उसका कोई संपर्क नहीं हुआ था। उसका मायका बिरसिंहपुर के पास ग्राम खांच रेउहान में था। उधर,मकान मालकिन चंदा ने बताया कि राकेश और उसके बड़े भाई रमेश की आपस में ज्यादा नहीं बनती थी।

### घटना का खुलासा करने वाली टीम

महेन्द्र सिहं चौहान सीएसपी,टीआई शंखधर द्विवेदी,टीआई योगेन्द्र सिंह परिहार एवं टीम उपनिरीक्षक दिलीप मिश्रा,सहायक उप निरीक्षक अनिल त्रिपाठी सउनि राजेश तिवारी प्रधान आरक्षक राहुल सिंह प्रधान आरक्षक विकास सिंह प्रधान आरक्षक अखंड सिंह प्रधान आरक्षक आकाश द्विवेदी।निरी.विजय सिंह,उनि अजीत सिंह,सउनि दीपेश,प्रआर बीपेन्द्र मिश्रा,प्रआर.असलेन्द्र सिंह आदि।

# मैहर के युवक ने किया 1 करोड़ 40 लाख की ठगी

**मैहर।** बिलासपुर जिले के संयुक्त पुलिस टीम ने अभियान चलाकर सायबर ठगी को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है।प्रेस में खुलासा करते हुए पुलिस कप्तान रजनेश सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम रोहित जैन है। रोहित मैहर मध्यप्रदेश का रहने वाला है।आईपीसी की धारा 420 ,386,34 और आईटी एक्ट 66(डी) का अपराध दर्ज कर आरोपी को जेल दाखिल कराया गया है। पुलिस कप्तान ने बताया कि आरोपी मिमिक्री कलाकार है।ठगी को अंजाम देते समय महिला एकता जैन के अलावा महिला के ममेरे भाईअंशुल जैन,जिला जज,प्रापर्टी टैक्स आफिसर रिकवरी एजेन्ट बॉस,आरबीआई. इन्स्पैक्टर की आवाज निकालकर ठगी की गतिविधइयों को अंजाम दिया है।

### ठगी का कप्तान ने किया खुलासा

बिलासपुर में पुलिसकप्तान रजनेश सिंह ने अधिकारियों के साथ बड़ी ठगी को अंजाम देने वाले अन्तर्राज्यीय ठगी का पर्दाफाश किया। पुलिस कप्तान ने बताया कि सरकन्डा थाना निवासी पीड़ित नितिन जैन पुणे स्थित प्राईवेट कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजिनियर है। सायबर



थाना पहुंचकर लिखित में सायबर ठगी का रिपोर्ट दर्ज कराया। नितिन ने बताया कि 1 करोड 39 लाख 51 हजार 277 रू की ठगी का शिकार हुआ है। अपराध दर्ज करने के साथ आईजी के निर्देश पर मामले को विवेचना में लिया गया।

### इन्टरनेट से निकाला फोटो..दिया झांसा

जांच पड़ताल के दौरान जानकारी मिली कि आरोपी रोहित अपने भाई के घर पुणे गया था। इस दौरान उसकी मुलाकात जैन कॉलोनी निवासी पीड़ित नितिन जैन से हुई। परिचय बढने के दौरान रोहित को जानकारी मिली कि नितिन जैन विवाह के लिए लडकी की तलाश कर रहा है। रोहित ने नितिन से कहा कि विवाह योग्य लडकी से परिचय कराएगा।रोहित ने दो तीन लड़कियों का फोटो इंटरनेट से निकालकर दिखाया। पत्रकारों को पुलिस कप्तान ने बताया कि प्रार्थी ने काल्पनिक नाम वाली लडकी एकता जैन को पसंद किया। आरोपी रोहित ने अपनी मोबाईल से एकता जैन की आवाज में नितिन से बातचीत किया। लडकी की आवाज में रोहित ने पीड़ित से शादी के लिये राजी होना बताया। और यहीं उसने ठगी को अंजाम देना शुरू कर दिया।

### काल्पनिक पात्रों की रचना

पुलिस कप्तान ने खुलासा किया कि रोहित ने एकता जैन की आवाज में पीड़ित को बताया कि वह बीमार है। इलाज के लिए रूपयों की जरूरत है। झांसा में लेकर करीब 30 लाख रूपए अलग अलग बैंक अकाउंट में जमा कराया। इसके अलावा आरोपी ने एकता जैन के भाई अंशुल का मिमिक्री किया। रोहित ने अंशुल जैन की आवाज बनाकर प्रार्थी से संपर्क किया।अंशुल ने कहा कि परिवार से शादी की सहमति मिल गयी है। इसी दौरान रोहित ने अंशुल की आवाज में बताया कि शेयर मार्केट में हानि हुई है। प्रॉपर्टी टैक्स पटाना मुश्किल हो गया है। फैमली में डिस्प्युट चल रहा है। इसलिए तीस लाख रूपये की जरूरत है। इसके बाद नितीन ने करीब 30 लाख रूपए विभिन्न बैंक अकाउंट में जमा किया।पुलिस ने बताया कि विवेचना के बाद आरोपी को मैहर से गिरफ्तार किया गया।आरोपी रोहित कटरा बाजार जैन एजेन्सी वार्ड न.15 मैहर थाना मैहर जिला मैहर मध्यप्रदेश का रहने वाला है। पूछताछ के दौरान आरोपी से 2 एण्ड्रायड फोन,2 नग कि-पैड फोन,11 नग सिम कार्ड जब्त किया गया है।आरोपी ने अपराध स्वीकार किया है। गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

# मैहर में भाजपा की बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार

मैहर। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णु दत्त शर्मा के निर्देशानुसार आगामी जुलाई अगस्त माह में संगठनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला पदाधिकारी की बैठक सतना सांसद गणेश सिंह के मुख्य अतिथि एवं मैहर जिले के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,मैहर नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोनी,पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, एवं संचालनकर्ता,मैहर भाजपा जिला महामंत्री विश्वनाथ सिंह तिवारी,मंचासीन अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में मैहर में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।जिला महामंत्री विश्वनाथ सिंह तिवारी द्वारा बताया गया कि इस अभियान में प्रमुख रूप से यह कार्यक्रम सुनिश्चित किए गए जिसमे 9 से 12 जुलाई जिला पदाधिकारी बैठक,10 से 15 जुलाई मंडलों की वृहद बैठक,13 से 20 जुलाई शक्ति केंद्र सम्मेलन में बूथ नेतृत्व सम्मान समारोह,21 जुलाई गुरु पूर्णिमा,26 जुलाई कारगिल विजय दिवस, 28 जुलाई मन की बात एवं 23 जून से 4 अगस्त एक पेड़ मां के नाम,मतदाता अभिनंदन यात्रा,महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन,आदि सभी कार्यक्रमों को योजनानुसार संचालित कर कार्यक्रम को सुनिश्चित किया गया है। इस बैठक में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,सांसद गणेश सिंह, पूर्व मध्य प्रदेश राज्यमंत्री आदि सभी ने इस संदर्भ में अपना उद्बोधन प्रदान करते हुए भाजपा जिला पदाधिकारी एवम कार्य समिति सदस्यों को संबोधन किया एवम संगठन से संबंधित प्रारूप मापदंडों के क्रिया कलापों के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सतना जिले के सांसद पांचवी बार के विजयी सांसद गणेश सिंह द्वारा भाजपा के पदाधिकारियों एवम नगरपालिका के सहयोग द्वारा चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।



## खबर संक्षेप

### बाइक ने साइकिल को मारी टक्कर, मौत



**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है. जहां तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में शिक्षक के इकलौते बेटे की दर्दनाक मौत हो गई. इस दुर्घटना के बाद बाइक सवार फरार हो गया. फिलहाल, पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरषोत्तमपुर की है. बताया जा रहा है कि पगरा का रहने वाला 12 वर्षीय अनिकेत राय अपने मामा के घर पुरुषोत्तमपुर हुआ था. बुधवार को वह किराने का सामान लेकर साइकिल से वापस घर की ओर लौट रहा था. इस दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल हो टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अनिकेत कई फीट तक सड़क पर घसीट गया. इस दुर्घटना में अनिकेत गंभीर रूप से घायल हो गया. किसी तरह आसपास के लोगों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

### पटवारी एवं सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने मंगलवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने पर गुनौर तहसील के ग्राम ककरहटा पटवारी मधुर गर्ग और जनपद पंचायत गुनौर की ग्राम पंचायत ककरहटा के सचिव रामभजन पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही पत्र प्राप्ति के सात दिवस के भीतर निलंबन की कार्यवाही कर विभागीय जांच संस्थित करने के संबंध में जवाब चाहा गया है। निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं करने अथवा समाधानकारक जवाब नहीं पाए जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक मंगलवार को ग्राम पंचायतों में आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीण स्तर के सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक उपस्थित रहकर जनसुनवाई कार्यक्रम सुचारू रूप से आयोजित कराने और आमजनों के आवेदन प्राप्त कर निराकरण करने के निर्देश दिए गए थे। गत 18 जून को तहसीलदार गुनौर द्वारा ग्राम पंचायत ककरहटा में निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत कार्यालय में पटवारी और सचिव को अनुपस्थित पाया गया। जिला कलेक्टर द्वारा उक्त लोकसेवकों का कृत्य पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और स्वेच्छाचारिता का द्योतक पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने की कार्यवाही की गई है।

### विनयांजलि सभा कल



**पवई।** राष्ट्र संत गंणाचार्य बुंदेलखंड के प्रथम जैनाचार्य 108 श्री विराग सागर जी महाराज की समता पूर्वक समाधि 04 जुलाई 2024 को शास्त्रों के अनुसार विधि विधान से हो चुकी जिसको लेकर जैन समाज पवई एवं नगर वासियों के द्वारा भावपूर्ण विनयांजलि कृतज्ञांजलि का आयोजन 12 जुलाई 2024 शुक्रवार को दोपहर 2रू00 बजे से जैन मंदिर प्रांगण झंडा बाजार पवई में आयोजित है जिसमें समस्त नगर वासी एवं पवई क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ग्रामीण जन सादर आमंत्रित हैं। महाराष्ट्र प्रांत औरंगाबाद के पास जालना की तरफ बिहार करते हुए देवमूर्ति ग्राम में चौतन्य अवस्था में समाधि मरण संलेखना के समय गणांचार्य विराग सागर जी महाराज के साथ में लगभग 35 पिच्छी श्रमण परंपरा के जैन संत एवं आर्यिका माताजी का संघ साथ में चल रहा था। अचानक 03 जुलाई को दोपहर 3:00 बजे आचार्य श्री ने अपने साथ में चल रहे साधु संतों को संबोधित करते हुए बताया समय का भरोसा नहीं है जो भी करना हो समय रहते कर लेना चाहिए, और उन्होंने विहार करा रहे,साथ चल रहे एक गृहस्थ अरुण कोठारिया जी अहमदाबाद को बुलाया और पूछा आपके पास मोबाइल है उन्होंने कहा हां,तब आचार्यश्री जी ने पूर्ण स्वस्थ चेतन अवस्था में पूरे संघ की जवादारी अपने शिष्य परम पूज्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज को देते हुए सभी प्राणियों से जाने अनजाने में हुई गलती के लिए क्षमा मांगी।

## पन्ना पुलिस अधीक्षक एडिशनल पुलिस अधिक्षक ने किया

# सलेहा थाना परिसर में किया पौधरोपण

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सलेहा थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक ने किया रोपण

**सलेहा।**

एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत मध्य प्रदेश शासन द्वारा की गई है, जिसके परिपालन में जिला पन्ना पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह पन्ना पुलिस आर आई गुनौर एसडीओपी ग्लैडविन एडवर्ड कार थाना प्रभारी सलेहा सरिता तिवारी द्वारा बुधवार को थाना सलेहा परिसर में वृक्षारोपण किया गया पन्ना पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह पन्ना आर आई बुधवार की दोपहर दो बजे सलेहा थाना पहुंचे एवं वन विभाग के डीएफओ पुनीत सोनकर सलेहा रेंजर प्रवेश सिंह भदौरिया एवं वन विभाग वन रक्षकों एवं सलेहा थाना प्रभारी सरिता तिवारी थाना समास्त इस्टाप के साथ वृक्षारोपण किया







गया इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री साईं कृष्णा एस थोटा जी ने कहा एक पेड मां के नाम अभियान के तहत विभिन्न विभागों में पौधारोपण कार्य किया जा रहा है इसी के तहत आज हम सलेहा थाना पहुंचे हैं वन विभाग के साथ पौधारोपण कर रहे हैं इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मति आरती सिंह ने नये कानून में बदलाव के विषय में विस्तृत से जानकारी दी श्रीमती आरती सिंह एवं थाना प्रभारी सरिता तिवारी ने एक साथ पौधारोपण किया पुलिस अधीक्षक एवं डीएफओ एसडीओपी ने भी एक साथ वृक्षारोपण किया इस तरह वन विभागों और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को सलेहा थाना परिसर एवं कल्दा जाकर वन विभाग श्रेत्र में पौधारोपण किया पुलिस अधीक्षक ने बताया की पन्ना पुलिस विभाग की तरफ से 2 हजार पौधा लगाने का उद्देश्य है जो पूरा किया जायेगा।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत किया गया पौधरोपण





**पन्ना।** नगर पालिका परिषद पन्ना के सौजन्य से बुधवार को शहर के बायपास रोड स्थित गौशाला में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। पौधरोपण महाअभियान में आयोजित कार्यक्रम में नपाध्यक्ष मीना पण्डेय सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि विष्णु पाण्डेय, सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले, स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता कर नीम, अशोक एवं अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण कर सेल्फी ली और वायुदूत (अंकुर) एप पर अपलोड की। इस दौरान रोपे गए पौधों की सुरक्षा तथा नियमित अंतराल पर पौधों की स्थिति का अवलोकन कर एप पर फोटो अपलोड करने का संकल्प लिया गया। जिला कलेक्टर द्वारा पौधरोपण उपरांत गौशाला परिसर का अवलोकन भी किया गया। उन्होंने रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार जिले में संचालित पौधरोपण महाअभियान में वर्षा ऋतु के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, वन और नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा विभागवार लक्ष्य निर्धारित कर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस क्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आठ विभागों को 35 हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित कर वायुदूत एप पर फोटो अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय को नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 9 हजार, वन विभाग को 8 हजार, शिक्षा विभाग को 5 हजार, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग एवं नगरीय विकास व आवास विभाग को 4-4 हजार, महिला एवं बाल विकास विभाग को 3 हजार तथा सहकारिता खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को 1-1 हजार पौधरोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है। वृक्षारोपण महाअभियान में विभिन्न शासकीय कार्यालय परिसरों में भी कार्यालय प्रमुखों और अन्य लोक सेवकों द्वारा फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया जा रहा है।



## जिला जेल परिसर में किया वृक्षारोपण

**पन्ना।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भावना साधौ के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला जेल पन्ना परिसर में पंच-ज अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जेल परिसर में जामुन, अमरूद, शीशम, बबूल, आंवला इत्यादि के लगभग 80 पौधों का रोपण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय पन्ना द्वारा विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर में बंदियों को विधिक अधिकार व कर्तव्य तथा लोक अदालत, मध्यस्थता और बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी भी प्रदान की गई। साथ ही जेल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य मामलों में समझौता के जरिए सुलह करने की सलाह दी गई। इस दौरान जिला जेल द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में की जा रही कार्यवाही की जानकारी लेकर जमानत आदेश प्राप्ति के सात दिवस में बंदी की रिहाई नहीं होने पर तत्काल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचित करने के बारे में अवगत कराया गया। इसके अलावा महिलाओं की गिरफ्तारी से संबंधित प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। बंदियों को जेल में अनुशासन बनाए रखने और स्वयं के व्यवहार में आवश्यक सुधार लाने के लिए प्रेरित किया गया। निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया के बारे में भी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार सहित जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, प्रभारी जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा भी उपस्थित रहे।

### अब पंचायत मुख्यालय में ही आम आदमी की समस्यायें जनसुनवाई

**पन्ना।** सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन करने को लेकर जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर की सोच से ही जिले में जानी जाती है सुशासन की पहल यही मानी जाती है जहां आम जनता को समस्याओं को जानकर उन्हें न्याय प्रदान करने के लिये त्वरित समस्याओं का समाधान प्रदान किया जाये। कहने को तो जनसुनवाई पंचायत, जनपद पंचायत व हर विभाग को लेकर जिम्मेदारी थी पर पंचायतों में अब तक मात्र यह सुनवाई ऑपचारिकता के रूप में कह सकते थे लेकिन कलेक्टर सुरेश कुमार की सोच के चलते जहां आम आदमी की समस्याओं को त्वरित निदान करने के लिये पंचायत मुख्यालय में ही पंचायत क्षेत्र के जिम्मेदार अमले को सामुहिक रूप से सभी अपना दायित्व निभाने के लिये मंगलवार के दिन



जनसुनवाई में आम आदमी की समस्याओं को सुनकर निदान करने के लिये जाने जा रहे है। यह कहीं न कहीं अब जनसुनवाई सार्थकता के रूप में साबित होगी क्योंकि अभी तक जो ऑपचारिकता के रूप में मानी जा रही थी आम आदमी का भरोसा उठ गया था प्रशासन की कार्य प्रणाली से वहीं अब कलेक्टर सुरेश कुमार की सोच के चलते जिले में पंचायत मुख्यालय में ही जनसुनवाई को प्राथमिकता पर आम आदमी की समस्याओं के समाधान को लेकर जनसुनवाई का उद्देश्य तय करने के लिये सफल रूप से माना जा रहा है। निश्चिततौर पर जब आम जनता को न्याय पंचायत स्तर पर ही मिलने लगेगा तो जनपद व जिला स्तर पर लोग अपना समय और आपने पैसे को व्यय करके क्यों आयेंगे वहीं आम आदमी को पंचायत स्तर पर ही समस्याओं का समाधान मिलेगा जिला प्रशासन के मुखिया की कार्यप्रणाली के चलते अब पंचायतें भी मजबूत दिशा तय करेंगी वहीं सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता को मिलने में आसानी होगी। क्योंकि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय ने पूर्व से ही पंचायतों के पटल पर योजनाओं को प्रदर्शित करवाने के लिये दिशा दी थी जिससे आम आदमी योजनाओं को जान सके और उनका लाभ लेने के लिये सोच तय कर सके। वहीं जिले में प्रतिदिन पंचायतों के खोलने को लेकर कार्यालय की तर्ज पर पूर्व से ही तत्कालीन कलेक्टर संजय कुमार मिश्र व मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय ने दिशा दी थी पर वास्तविकता में अब आम आदमी का भरोसा सरकार के प्रति योजनाओं का लाभ तथा उनके समस्याओं का निदान पंचायत स्तर पर ही दिलाने का कार्य कलेक्टर सुरेश कुमार की सोच के चलते संभव होने जा रहा है जिससे निश्चित तौर पर सुशासन की राह मानी जा रही है।

## समाधी सम्राट गणाचार्य 108 श्री विराग सागर जी महाराज का समाधि मरण सर्वसमाज ने दी विनयांजलि

**देवेन्द्रनगर।**

दिगंबर जैन समाज के महान आचार्यों में से एक लगभग 350 दीक्षा प्रदाता बड़े संघ के जननायक 108 गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज की बुधवार रात महाराष्ट्र के देवमूर्ति ग्राम शिंडखेड (जालना) के निकट संलेखना पूर्वक समाधि मरण हो गया। जिससे की पूरे जैन समाज और उनके अन्य समाज के भक्तों में शोक की लहर छा गई। समाधी के दो दिनों पहले विहार के दौरान आचार्य श्री का स्वास्थ्य खराब हुआ था और 4 जुलाई गुरुवार के दिन उन्होंने अपने देह को त्याग दिया। इस के लिए दिगंबर जैन समाज देवेंद्रनगर द्वारा सर्वधर्म विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमे गाणाचार्य विराग सागर जी महाराज की परम प्रभावक शिष्या आर्यिका 105 विरम्या श्री माता जी और आयिका 105 विसयोजना श्री माता जी के सानिध्य रहा सवर्तमान विधायक डॉ राजेश वर्मा के साथ ठड० डॉ अभिषेक जैन देवेंद्रनगर अध्यक्षा श्री मति शिवांगी गुप्ता मण्डल अध्यक्ष हीरा जी पटेल कांग्रेस नेता आनन्द शुक्ला पूर्व







मंडल अध्यक्ष ललित गुप्ता निक्की जायसवाल आशीष तिवारी गजेंद्र परमार रामेश्वर गुप्ता श्यामसुंदर गुप्ता ध्रुव चौबे राकेश बिलथरीया राजेंद्र चौबे संगम मिश्रा एवम पत्रकार गढ़ आदि उपस्थित रहें समाजगढ़ द्वारा बताया गया की आचार्य श्री का 2 जुलाई को विहार के दौरान स्वास्थ्य खराब हुआ था। उसी के दौरान उन्होंने अपने आचार्य पद का भी त्याग कर दिया था और अपने शिष्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी को अपना पट्टाधीश घोषित कर दिया था और सारे परिग्रह का भी त्याग कर रात्रि 2.30 पर समाधि को प्राप्त हुए। समाजजनों ने बताया कि विराग सागर जी महाराज का जन्म 2 मई 1963 को पथरिया जिला दमोह में हुआ था। बचपन का नाम अरविंद था आचार्य श्री ने मात्र 17 वर्ष की उम्र में तपस्वी सम्राट आचार्य श्री सन्मति सागर जी ने क्षुल्लक दीक्षा बुढार में 20 फरवरी 1980 को प्रदान की थी और नाम रखा था क्षुल्लक पूर्ण सागर और मुनि दीक्षा वात्सल्य रत्नाकर, आचार्य श्री विमल सागर जी महाराज ने 9 दिसंबर 1992 को सिद्ध क्षेत्र द्रोणगिरी में प्रदान की थी। आचार्य श्री ने अपने जीवन काल में लगभग 300 से अधिक दीक्षा प्रदान की जिसमें 9 आचार्य, 89 मुनि, 4 गणिनी, 71 आर्यिका, 5 एलक, 23 क्षुल्लक, 29 क्षुल्लिका दीक्षा प्रदान की और सैकड़ों लोगों को ब्रह्मचर्य और अन्य श्रावक श्राविकाओं को मोक्ष मार्ग की राह पर लगाया। आचार्य श्री ने अपने दीक्षा काल में 44 स्थानों पर 44 वर्षायोग चातुर्मास किए। साथ ही अपने सभी शिष्यों के नाम वी अक्षर से ही रखे जो की अपने आप में एक इतिहास है और अपनी माता श्यामा देवी और पिता कपूर चंद जी को भी आर्यिका और मुनि दीक्षा देकर समाधि करवाई। ऐसे विरले ही होते है जो अपने पूरे परिवार और माता पिता का भी कल्याण करते है। आचार्य श्री ने लौकिक शिक्षा के साथ शास्त्री की शिक्षा भी प्राप्त की और 4 अनुयोगो के ज्ञाता कई शास्त्र लिखे और इस धरती के जीवों के कल्याण के लिण धर्म प्रभावना कर रहे थे। आर्यिका 105 विसंयोजना श्री माता जी ने प्रवचन के माध्यम सें गुरुदेव के जीवन मे प्रकाश डाला गया और उनके द्वारा सांसारिक जीवन मे हुए चमत्कारो के बारे मे भीं बताया स आर्यिका माँ ने बताया की वह किसी एक धर्म जाती के गुरु नहीं थे वल्की जन जन के गुरु थे आर्यिका माँ ने बताया की गुरुदेव के अंदर वात्सल्य अनुशासन और त्याग का समावेश था स ज्ञात करा दे की आचार्य विराग सागर जी द्वारा सलेहा के नजदीक श्रीयांशगिरी तीर्थ क्षेत्र का जिणोद्वार किया गया। श्री 1008 चंद्र प्रभु सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा गणाचार्य 108 विराग सागर जी महाराज को विश्व उत्कृष्ट समाधी सम्राट की उपाधि सें सम्मानित किया गया आचार्य 108 विराग सागरजी महाराज के मंगलमय विचार और लोकहितकारी जीवन सर्वदा मानवता के कल्याण के दिव्य प्रकाश पुंड को देदीप्यमान रखेंगे।

## पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से नाबालिग बालिकाओं को सकुशल किया दस्तयाब

**अमानगंज।**

थाना क्षेत्र की 03 अलग-अलग अपहताओ को दिल्ली, टीकमगढ़ एवं मोहन्द्रा से दस्तयाब कर किया गया परिजनो के सुपुर्दथाना अमानगंज क्षेत्रान्तर्गत्त अलग-अलग दिनांक को अलग-अलग स्थानो से गायब हुई 03 नाबालिग लड़कियों को पुलिस द्वारा दस्तयाब किया गया है ।अलग-अलग फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में अपहरण संबंधी अपराध क्रमांक 58/24, 285/24, 343/24 कायम किये जाकर विवेचना में लिये गये थे । पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा



एस. थोटा के निर्देशानुसार थाना अमानगंज पुलिस टीम द्वारा पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से जानकारी प्राप्त करते हुये मुखबिर सूचना के आधार पर मामले की तीनो अपहताओं को अलग अलग स्थानो दिल्ली, टीकमगढ़ एवं मोहन्द्रा से सकुशल दस्तयाब किया जाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया है । अपनी - अपनी नाबालिग बेटियों के घर वापस लौटने पर फरियादियो द्वारा पुलिस टीम को धन्यवाद देते हुये पुलिस टीम द्वारा किये गये कार्य की सराहना की गई है । सराहनीय योगदान - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रभारी सायबर सेल उनि अनिल सिंह राजपूत, सउनि सुशील तिर्की , पवन प्रजापति , बुद्धिलाल , प्र.आर. राजीव मिश्रा,राजीव बेड़ीया आर. हेमंत , विश्वास , गौरव, महिला प्र.आर. दुर्गा, महिला आर. हेमा , अंजली, रागिनी एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा है । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है ।

## सरपंच संघ ने मुख्यमंत्री के नाम जिला पंचायत सीईओ को सौंपा

**पन्ना।** जिले के सरपंच संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को ज्ञापन सोंपते हुये मनरेगा योजना में जो शासन द्वारा मनरेगा के निर्माण कार्यों में सामग्री मद की राशि को हटाया गया है जिससे ग्राम पंचायतों के विकास कार्य रूक गये है तथा बहुत से निर्माण कार्यों में अनेक बंधन लगाये गये है जिससे निर्माण कार्य किया जाना संभव नहीं है। ज्ञापन में सरपंच संघ ने इस बात का उल्लेख किया है वहीं इस आदेश से आहत होकर समस्त सरपंच जिला पन्ना ने अपने संघ के माध्यम से कलेक्टर पन्ना के माध्यम से मुख्यमंत्री म.प्र. सरकार के नाम जहां मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय को ज्ञापन सोंपते हुये उक्त आदेश को निरस्त कराये जाने हेतु अपनी मंशा जताई है। देखना यह है कि जिस तरह से सरकार के मुखिया के नाम यह ज्ञापन सरपंच संघ पन्ना ने जो सोंप कर जिले में मनरेगा को लेकर जो सामग्री मद की राशि हटाये जाने से आहत होकर अपने जिले में इस आदेश से मुक्ति चाही गई है अब यह मुक्ति मिलती है कि नहीं यह तो आगे आने वाला वक्त ही तय करेगा। देखना यह है कि उक्त आदेश को जो निरस्त करने को लेकर जो यह ज्ञापन सोंपा गया है उस पर आगे सरकार के द्वारा कार्य तय किया जायेगा यह तो





भविष्य में ही सामने आयेगा पर एक बार सरकार के द्वारा जो आदेश म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पत्र क्र. 2258/एमएनआरईजीएस /एनआर 3/टीईसीएच/2024 दिनांक 01.07.2024 का उल्लेखित किया गया है ज्ञापन में इस पर क्या होगा यह तो आगे ही वक्त तय करेगा। सरपंचों ने अपना आग्रह ज्ञापन के माध्यम से म.प्र. सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सोंपा है।

**खबर संक्षेप**

## समाजसेवी फरदीन खान ने रक्तदान कर बचाई प्रसूता की जान



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विन्ध्यनगर स्थित चिकित्सालय में डिलेवरी के लिए भर्ती महिला को जनकल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष फरदीन खान ने रक्तदान कर उसकी जान बचायी है। सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़चढ़कर हिस्सा लेने वाले संजय उर्फ फरदीन खान को जैसे ही पता चला कि एक महिला एनटीपीसी चिकित्सालय विन्ध्यनगर में भर्ती है जिसे रक्त की आवश्यकता है। परिजनों द्वारा बताया गया कि महिला को रक्त की आवश्यकता है और उसे रक्त नहीं मिल पा रहा है। फरदीन खान ने एनटीपीसी चिकित्सालय जाकर महिला के परिजनों से मुलाकात की तथा रक्तदान करने की बात कही जिसपर बुधवार को उन्होने अपना रक्तदान विन्ध्यनगर स्थित ब्लड बैंक में किया। श्री खान ने बताया कि हर स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए। रक्तदान करने से रक्तदाता को किसी तरह की कमजोरी नहीं आती बल्कि रक्तदान से दूसरे की जान बचती है।

## युवा के रक्तदान से बची गर्भवती महिला की जान

**छतरपुर।** कहते है ईश्वर किसी भी रूप में आकर आपकी मदद कर जाते है। रक्तवीर सेवा दल के अमित जैन ने बताया कि नगर के हटवारा मोहल्ले में रहने वाले सिंगर पीयूष जैन का यह दूसरा रक्तदान था जिसमें इन्होंने मिशन अस्पताल में भर्ती हरपालपुर निवासी गर्भवती महिला जिसके पेट मे गर्भस्थ शिशु मृत हो गया था, जिसके कारण से महिला की हालत गम्भीर होती जा रही थी। ऐसे में समाजसेवी गौरव शुक्ला के द्वारा सूचना मिलने पर तत्काल पीयूष ने पीड़िता को रक्तदान कर जीवनदान दिया।

**एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष ने किया रक्तदान-** वहीं दूसरी ओर



जिला अस्पताल में भर्ती महिला के शरीर में 3 यूनिट ब्लड बचा है जिसे खून की अत्यंत आवश्यकता थी। जैसे ही इसकी सूचना एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष सुमित चौरसिया को लगी तो उन्होंने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचकर पीड़ित महिला के रक्तदान कर उसकी जान बचाने का प्रयास किया।

## आदतन अपराधी अवैध हथियार सहित गिरफ्तार



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना बड़ा मलहरा पुलिस को रोड पेट्रोलिंग के दौरान लखनवा टिगड्डा थाना क्षेत्र बड़ामलहरा में एक व्यक्ति के अवैध हथियार लहराते हुए दहशत फैलाने की सूचना प्राप्त हुई। थाना प्रभारी बड़ामलहरा निरीक्षक जितेंद्र वर्मा एवं पुलिस टीम संबंधित स्थान पर पहुंचकर संदेही को पकड़ा, तलाशी लेने पर 315 बोर का अवैध कट्टा एवं कारतूस बरामद किए गए। आरोपी लोकेंद्र सिंह बुंदेला ग्राम मवई का निवासी है एवं आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध वर्ष 2020 से शासकीय कार्य में बाधा डालने, वर्ष 2022 में बलवा एवं मारपीट के दो अपराध, वर्ष 2023 में मारपीट, जान से मारने की धमकी सहित पांच अपराध पूर्व से दर्ज हैं। अभियुक्त के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय उपस्थित होने हेतु पाबंद किया गया।

## श्री कृष्णा विश्वविद्यालय किया गया वृक्षारोपण



**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर एवं जिला विधिक सहायता प्राधिकरण छतरपुर के संयुक्त तत्वाधान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट महेन्द्र रावत, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा, कुलपति डॉ. अनिल कुमार धगट, कुलसचिव विजय सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट महेन्द्र रावत ने आम, अनार, जामुन, चीकू आदि फलदार वृक्षों को अपने हांथो से लगाते हुये वृक्षारोपण के महत्व एवं पौधों की जानकारी दी।

## नौगांव में लूट की घटना सीसीटीवी में कैद, थाने में की शिकायत

# गल्ला व्यापारी के साथ लूट

### फुटकर ले रहे व्यापारी की स्कूटी पर टंगे बैग को ले उड़े चोर, व्यापारी ने पीछा कर पकड़ने की नाकाम रही कोशिश

थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी और लूट की वारदातें दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं, जबकि पुलिस वारदातों का खुलासा तो दूर अंकुश लगाने में भी नाकाम साबित हो रही है, जिसके चलते चोरों और लुटेरों को हौसले बुलंद हैं।

**नौगांव।**

बुधवार की सुबह ईशानगर तिराहे के पास अज्ञात लुटेरों ने एक व्यापारी को अपना शिकार बनाया। व्यापारी फुटकर लेने के लिए एक दुकान पर रुका तभी लुटेरों ने मौका पाकर व्यापारी की स्कूटी में टंगे बैग में रखे 1 लाख 15 हजार रुपए सहित अन्य दस्तावेज के लूट की वारदात को अंजाम दे दिया।

उक्त घटना दुकान के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। व्यापारी ने स्कूटी से पीछा कर लुटेरों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस ने व्यापारी की शिकायत दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ नए कानून के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई। वहीं व्यापारी के साथ हुई लूट से अन्य व्यापारियों में रोष व्याप्त है।

शहर के वार्ड नंबर 13 पुरानी गल्ला मंडी के पास रहने गल्ला व्यापारी भुवानीदीन साहू ईसानगर रोड पर 24 नम्बर हनुमान मंदिर के पास गल्ला खरीद बिक्री का कार्य करते हैं। व्यापारी भुवानीदीन साहू मंगलवार की सुबह साढ़े 9 बजे के लगभग घर से दुकान के लिए निकले तो रास्ते में ईशानगर तिराहे के पास स्थित सुनील पाठक की दुकान से फुटकर रुपए लेने के लिए रुक गए। व्यापारी साहू अपनी स्कूटी टिकाकर जैसे ही फुटकर रुपए लेने के लिए दुकान पर गया दूसरे ही पल पहले से घात लगाए खड़े एक नव युवक ने स्कूटी में टंगे बैग को उतारकर चर्च रोड की ओर दौड़ लगा दी। व्यापारी साहू ने पकड़ने के लिए चिल्लाकर लोगों से सहयोग मांगा, तो आगे रास्ते में पहले से बाइक स्टार्ट किए हुए लुटेरे का दूसरा साथी खड़ा था। लुटेरा युवक दौड़ कर बाइक में बैठ कर भाग गया। व्यापारी भुवानीदीन साहू ने स्कूटी से लुटेरों को पकड़ने के लिए पीछा किया



लेकिन आर्मी कॉलेज तिराहे तक तो लुटेरे दिखाई दिए लेकिन आगे तिराहे से तीन रास्ता हो जाने के चलते लुटेरे चकमा देने में सफल हो गए।

### लूट की घटना के बाद पुलिस से हुई मामले की शिकायत

व्यापारी भुवानीदीन साहू ने लूट की घटना के बाद पुकिस में शिकायत दर्ज कराई। व्यापारी ने अपने भाई के साथ पुलिस थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी। व्यापारी ने पुलिस को बताया कि वह घर से दुकान के लिए स्कूटी क्रमांक एमपी16 एसए 5362 से निकला था,वह अपने साथ काले रंग के बैग में 1 लाख 45 हजार रुपए, बैंक स्टेटमेंट, दुकान गोदाम की चाबी, हिसाब किताब की वही सहित महत्त्वपूर्ण दस्तावेज रखकर स्कूटी में टंगा था, जैसे ही सुनील पाठक को दुकान से फुटकर पैसे देने के लिए उतरा तो दूसरे ही पल आए एक युवक ने तेजी से स्कूटी में टंगे बैग को उतारकर भागने लगा। पकड़ने की कोशिश की तो वह आगे आगे खड़े साथी की बाइक पर बैठकर भाग गया। व्यापारी ने पुलिस को बताया कि स्कूटी से पीछा कर पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह भागने में सफल रहे। पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर अज्ञात दो आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 304(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### इनका कहना है

व्यापारी की शिकायत पर दो अज्ञात युवकों पर मामला दर्ज कर लिया है, जांच कर जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**सतीश सिंह**
**निरीक्षक, पुलिस थाना नौगांव**

# यदि डॉक्टर बीपी सूत्रकार को उपसंचालक कृषि का पद दिया जाना लोकहित में नहीं है तो परियोजना संचालक आत्मा का प्रभार क्यों?

### विभागीय जांच प्रभावित, साक्ष्य खुर्दबुर्द करने की आशंका पर डॉक्टर बीपी सूत्रकार को उपसंचालक कृषि के पद से आयुक्त कृषि ने 24 घंटे में हटाकर डॉक्टर केके वैद्य को सौंपा चार्ज





**छतरपुर।**

25 जून 2024 को एक आदेश के तहत जिले के वरिष्ठतम सहायक संचालक होने से डॉ. बीपी सूत्रकार को उप संचालक किसान कल्याण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। कमिश्नर सागर द्वारा 26 जून को एक पत्र के द्वारा अवगत कराया गया कि कलेक्टर छतरपुर द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के परिप्रेक्ष्य में डॉ. बीपी सूत्रकार तत्कालीन उप संचालक को खाद वितरण की मॉनिटरिंग न करने, खाद वितरण में अनियमितताएं करने, विकसित भारत संकल्प यात्रा में रूचि न लेने आदि आरोपों के कारण तत्काल प्रभाव से 18 दिसंबर 2023 को निलंबित किया गया था और उनके विरूद्ध विभागीय जांच शुरू की गई थी। प्रकरण में विचार करते हुए डॉ. सूत्रकार को 26 फरवरी 2024 को बहाल करते हुए परियोजना संचालक आत्मा का प्रभार सौंपा गया। इसके साथ ही उल्लेख किया गया कि वर्तमान में खरीफ का सीजन चल रहा है। खाद एवं उर्वरक कृषकों को उपलब्धता के अनुसार वितरण किया जा रहा है। कई बार खाद की आपूर्ति कम या समय पर न होने से समस्या भी निर्मित होती है। इनके द्वारा पूर्व में भी खाद वितरण की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया। कमिश्नर सागर द्वारा डॉ. सूत्रकार की विभागीय पर्यवेक्षण एवं खाद वितरण आदि की स्थिति को नियंत्रित करने में सफल नहीं है। इसके साथ ही कमिश्नर सागर द्वारा उल्लेख किया गया कि डॉ. बीपी सूत्रकार द्वारा उपसंचालक पद पर रहते हुए अपने विरूद्ध विभागीय जांच संबंधित अभिलेख एवं साक्ष्य को खुर्दबुर्द एवं प्रभावित किया जा सकता है। कमिश्नर सागर के पत्र के आधार पर संचालनालयीन समसंख्यक आदेश पर पुनर्विचार किया गया और यह पाया गया कि सूत्रकार खाद वितरण में अनियमितता, कालाबाजारी व वितरण की मॉनिटरिंग न करने के कारण निलंबन एवं विभागीय जांच की कार्यवाही की गई है जो वर्तमान में प्रचलन में है। इसलिए डॉ. बीपी सूत्रकार को उप संचालक किसान कल्याण का प्रभार देना लोकहित में नहीं है क्योंकि उपसंचालक कृषि के रूप में उनके द्वारा पूर्व में विभागीय गतिविधियों के पर्यवेक्षण एवं खाद वितरण आदि की स्थिति को नियंत्रित करने के कार्यों में सफल नहीं होने से उनके विरूद्ध वर्तमान में विभागीय जांच चल रही है। इसलिए डॉ. सूत्रकार को उपसंचालक का प्रभार पुनः सौंपा जाना उचित नहीं है क्योंकि व्यक्तिगत हितों का टकराव होने से विभागीय जांच की कार्यवाही प्रभावित होने की संभावना है। ऐसी स्थिति में संचालनालयीन समसंख्यक आदेश 25 जून 2024 को निरस्त करते हुए वापस लिया जाकर उनकी वरिष्ठता को ध्यान में रखते हुए परियोजना संचालक किसान कल्याण जिला छतरपुर के पद पर पूर्व की भांति बने रहेंगे जो कि उपसंचालक कृषि के पद के समकक्ष ही है और इसी क्रम में वरिष्ठता में द्वितीय वरिष्ठतम डॉ. कबीर कृष्ण वैद्य सहायक संचालक कार्यालय प्राचार्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र नौगांव को उपसंचालक कृषि का अतिरिक्त प्रभार सौंप कर आहरण वितरण के अधिकार भी प्रदान किए गए हैं।

**यदि डॉक्टर बीपी सूत्रकार को उपसंचालक कृषि का पद दिया जाना लोकहित मे नही है, तो परियोजना संचालक आत्मा का प्रभार क्यों? -** आयुक्त कृषि भोपाल ने अपने पत्र में लेख किया कि डॉक्टर बीपी सूत्रकार को उपसंचालक कृषि का पद दिया जाना लोकहित मे नही है, तो फिर परियोजना संचालक आत्मा का प्रभार देना कौन सा लिखित में है और क्यों? किस प्रकार लोकहित में हो सकता है, जबकि जारी विभागीय जांच में जिला स्तरीय कृषि विज्ञान का मेला आयोजित न करना आरोप भी शामिल है जो सूत्रकार के समय का है, जो परियोजना संचालक आत्मा के पद पर रहते हुए जांच को प्रभावित कर सकते है। आत्मा के पद पर रहते हुए निजी संस्थाओं से बीज क्रय का भी सम्मिलित है जो विभागीय जांच में सम्मिलित है। तत्कालीन मुख्यमंत्री के गृह प्रवेशम कार्यक्रम में बिना कृषि विभाग के अधिकारियों को सूचना दिए और कलेक्टर को गुमराह कर तत्कालीन उपसंचालक कृषि डॉक्टर बीपी सूत्रकार ने कृषि विज्ञान मेले का आयोजन करना दिखाया गया। जिसमें कृषि विभाग के सभी विकास खंडों के लगभग 1000 किसानो को बुलाना, आना जाना खाना शासकीय राशि में सम्मिलित था, जिसकी कृषि विभाग के अधिकारियों को लिखित और कानों कान जानकारी नहीं दी गई। जिसको लेकर छतरपुर विधायिका श्रीमती ललिता यादव ने कृषि विज्ञान मेले घोटाले को विधानसभा में क्वेश्चन उठाया है, ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को जांच उपरांत किसी भी महत्वपूर्ण पद पर रही नहीं रहना चाहिए। परियोजना संचालक आत्मा में भी लाखों के बजट का ठिकाने लगाने की चर्चा तेजी से है।

## यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों को विरुद्ध की गई चालानी कार्यवाही

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक, श्रीमती निवेदिता, जिला सिंगरौली के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्री शिवकुमार वर्मा, जिला सिंगरौली, नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर, श्री पी.एस. परस्ते के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस टीम के द्वारा शहर के चौराहो पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही एवं जागरुकता अभियान।**कार्यवाही विवरण* - थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक विद्यावारिधि तिवारी के नेतृत्व में एक सप्ताह के अंदर दिनांक 04-07-2024 से 10-07-2024 तक यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 320 से अधिक वाहन चालकों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही कर 1,10,000/- रूपये जुर्माना अधिरोपित किए जाने के साथ-साथ चलाया गया जागरुकता अभियान। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम लगाया जाकर शहर के विभिन्न चौराहे जैसे माजन मोड़, इंदिरा चौक, अंबेडकर चौक, मस्जिद तिराहा, कालेज तिराहा ,अमलोरी तिराहा, जयंत बस पड़ाव, निम्न स्थानों पर यातायात का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक जो*1. बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाना 2. दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठ कर वाहन चलाना। 3. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग 4. वाहनों का नम्बर प्लेट निर्धारित मानक अनुरूप ना होना5. वाहनों में बिना किसी प्राधिकृत व्यक्ति के अनुमति के बिना परिवर्तन या मोडिफिकेशन कराना 6. दो पहिया वाहनों या बुलेट मोटरसाइकिल में मॉडिफिकेशन साइलेंसर लगाना 7. शहर के अंदर निर्धारित गति का पालन न करते हुए तेज रफ्तार में वाहन चलाना 8. रेड लाईट जम्प करना साथ ही शहर के अंदर युवा वर्ग द्वारा दो पहिया वाहन चलाते समय तेज रफ्तार एवं स्टंट ड्राइव करते हुए पाए जाना 9. चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग न करना*उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर वाहन चालकों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही के साथ-साथ समझाइए भी दी गई एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई**बॉडी वार्म कैमरे की निगरानी में हो रही चालानी कार्यवाही*वाहन चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस द्वारा बॉडीवार्म कैमरे की निगरानी में चलानी कार्यवाही की जा रही है बॉडीवार्म कैमरे के माध्यम से चालानी कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाती है नो पार्किंग एवं सड़क पर खड़े वाहनों पर व्हील लॉक लगाकर की जा रही कार्यवाही शहर की सड़कों पर नो पार्किंग जोन में वाहन चालकों द्वारा वाहनों को खड़ा कर यातायात अवरोध किया जाता है ऐसे वाहनों पर भी व्हील लॉक लगाकर चालानी कार्रवाई यातायात पुलिस टीम के द्वारा माजन मोड़ से इंदिरा चौक तक मुख्य मार्ग में की जा रही है एवं स्थाई रूप से खड़े वाहनों को लगातार हटवाया जा रहा है सिंगरौली पुलिस जिले वासियों से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं से बचें आपका परिवार घर में आपका इंतजार कर रहा है। सिंगरौली पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है



# एनएससी के बाद अब एनसीएल के सिंगरौली केंद्रीय अस्पताल में शुरू हुआ नया डायलिसिस सेंटर

### मेडिकल सुविधा के क्षेत्र में एनसीएल का सिंगरौली परिक्षेत्र को नई सौगात



**सिंगरौली।**

परिक्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से भारत सरकार की मिनी रत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अपने मोरवा स्थित केंद्रीय अस्पताल में एक नया डायलिसिस सेंटर की शुरुआत की है जिसमें 2 मशीनें स्थापित की गईं हैं। बुधवार को, सीएमडी एनसीएल श्री बी. साईराम ने निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना और योजना) श्री सुनील प्रसाद सिंह की उपस्थिति में डायलिसिस सेंटर को लोकार्पित किया।इस अवसर पर सीएमएस,एनसीएल डॉ विवेक खरे ,महाप्रबंधक (सिविल) श्री पीके राय, विभागाध्यक्ष, कल्याण श्री राजेश चौधरी, सीएमएस एनएससी डॉ पंकज कुमार, मुख्यालय स्तरीय जेसीसी सदस्यगण, , सिंगरौली केन्द्रीय चिकित्सालय के डॉक्टर, चिकित्साकर्मी और अन्य उपस्थित रहे।केंद्रीय अस्पताल में स्थापित यह नया डायलिसिस सेंटर सिंगरौली परिक्षेत्र, खासकर मोरवा क्षेत्र और आसपास के गांवों के किडनी रोग के मरीजों को लाभ पहुंचाएगा। डायलिसिस मशीन यूनिट, किडनी के बीमारी से ग्रस्त मरीजों को रक्त शोधन सुविधा प्रदान करने में मदद करती है।एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय जयंत (एनएससी) में पहले से ही 8 डायलिसिस मशीनें उपलब्ध हैं। ग़ौरतलब है कि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में एनएससी में 1650 से अधिक हेमोडायलिसिस किए गए थे। किडनी की बीमारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एनसीएल की यह पहल एनसीएल कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए भी वरदान साबित होगी।एनसीएल अपने तीन अस्पतालों व परियोजनाओं की डिस्पेन्सरी के माध्यम से कर्मियों व हितग्राहियो को बेहतर इलाज मुहैया करवाने हेतु सदैव प्रतिबद्ध है व चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार नवाचारी पहल कर रही है ।

### एनसीएल ने सीएसआर तहत सिंगरौली के युवाओं के कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु किया एमओयू

**सिंगरौली।** बुधवार को भारत सरकार की संकल्प योजना के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने जिला प्रशासन, सिंगरौली के साथ एक एमओयू किया है ।नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की ओर से महाप्रबंधक, जयंत क्षेत्र श्री राजीव कुमार एवं जिला प्रशासन सिंगरौली की ओर से प्राचार्य शासकीय औद्योगिक संस्थान, सिंगरौली श्री मकर ध्वज चौहान ने उक्त समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन के अनुसार एनसीएल जयंत के निगमित सामाजिक दायित्व के मद से रू 9.20 लाख की वित्तीय सहायता की जाएगी जिसके माध्यम से संकल्प योजना के तहत सिंगरौली जिले के 510 युवाओं को भारी वाहनों के संचालन हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने के दौरान जयंत क्षेत्र के स्टॉफ अधिकारी (कार्मिक) श्री पी के त्रिपाठी, नोडल अधिकारी ( सीएसआर) श्री साजिद नसीम एवं आईटीआई, सिंगरौली के टीपीओ श्री ओम प्रकाश उपस्थित रहे।

# बदमाशों ने बुजुर्ग को पैर छूकर बाईक पर बैठाया और काट ली जेब

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ बदमाशों का वीडियो, जांच में जुटी पुलिस



**छतरपुर।**

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र से दो बदमाश युवकों द्वारा एक बुजुर्ग की जेब काटे जाने की घटना सामने आई है। घटना के बाद बुजुर्ग ने कोतवाली थाने में लिखित आवेदन दिया, जिसे संज्ञान में लेकर पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है। घटना को अंजाम देकर भागते वक्त बदमाश एक दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे, जिसका वीडियो भी सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोतवाली के पीछे रहने वाला बुजुर्ग ठाकुरदास नामदेव किसी काम से महल तिराहे पर आया था। यहां से जब वह घर की ओर जा रहा था तभी सरस्वती मार्केट के पास बाइक से आए दो अज्ञात युवकों ने ठाकुरदास को रोक लिया। युवकों ने पहले बुजुर्ग के पैर छुए और इसके बाद कहा कि हमारे पिता ने आपको दुकान पर बुलाया है। ठाकुरदास, युवकों की बातों में आ गया और उनके साथ बाइक पर बैठ गया। दोनों युवक ठाकुरदास को बाइक पर बैठाकर चौक बाजार तक ले गए और फिर बिना कुछ बताए उसे उतार दिया। जब ठाकुरदास घर पहुंचा तब उसे ज्ञात हुआ कि युवकों ने उसकी जेब काटकर 11 हजार 200 रुपए चोरी कर लिए हैं। ठाकुरदास ने तुरंत कोतवाली थाना में लिखित शिकायत दी, जिसे संज्ञान में लेकर पुलिस ने युवकों की तलाश शुरु कर दी है। घटना को अंजाम देने वाले दोनों युवक बाजार की एक दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## आईएसबीटी बस स्टैंड के लिए चिन्हित दोनों स्थानों का विधायक ने किया निरीक्षण

**छतरपुर।** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब छतरपुर विधायक ललिता यादव ने शहर के रुके हुए विकास कार्यों की ओर ध्यान देना शुरू कर दिया है। बुधवार को विधायक श्रीमती यादव ने प्रशासनिक अमले के साथ शहर के उन स्थानों का भ्रमण किया जहां विकास कार्य प्रगतिरत है या प्रस्तावित हैं। भ्रमण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मीडिया से बात करते हुए विधायक ललिता यादव ने बताया कि छतरपुर में प्रस्तावित आईएसबीटी बस स्टैंड के निर्माण हेतु ग्राम सौंरा और बगौता हार में स्थान चिन्हित किए गए हैं। आज उन्होंने दोनों चिन्हित स्थानों का निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही शहरवासियों से इस संबंध में राय लेंगी और इसके बाद अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण स्थल का चयन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मऊगंज पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपियों पर ईनाम की घोषित किया



**मऊगंज।** पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने थाना नईगढ़ी मे दर्ज अपराधिक प्रकरण मे फरार दो आरोपियों की गिरफ्तारी पर दो-दो हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है।इस मामले मे आरोपी उमेश यादव पिता छाहुर यादव उम्र 43 वर्ष तथा श्रीमती ललिता यादव पति उमेश यादव उम्र 40 वर्ष दोनों निवासी ग्राम कुशवाहा अपराध दिनांक से फरार हैं। तलाश करने के प्रयास किया जा रहे हैं इनको गिरफ्तार करने अथवा गिरफ्तारी के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने पर दो-दो हज़ार रूपए के इनाम की घोषणा की गई है। ईनाम की घोषणा पुलिस रेगुलेशन एक्ट के प्रावधानों के तहत की गई है इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मऊगंज का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

### सर्प काटने से महिला की उपचार के दौरान हुई मौत



**मऊगंज।** जिले के हनुमना थाना क्षेत्र के हाटा चौकी के अंतर्गत जहां अपने परिवारजन के साथ महिला सो रही थी । जहां महिला के हाथ के अंगुली अचानक जहरीले में सांप ने काट (डस)लिया। जानकारी होते ही हनुमना अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार पार्वती कोल पति अर्जुन कोल उम्र 43 वर्ष निवासी फुलझरिया ग्राम पंचायत गोईडार के बताया गया है। जहां महिला के तीन बच्चे हैं।वही घटना की जानकारी होते ही मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल ने हनुमना के भाजपा वरिष्ठ नेता रामबाबू गुप्ता को अस्पताल भेजा और परिवार को हर संभव मदद के लिए प्रशासन से बात कर आर्थिक सहयोग के लिए हर संभव मदद के लिए अश्वशासन दिए। मौके मे पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम करके पोस्टमार्टम के लिए मचुरी रखवा दिया गया है।

### बाल भवन के बच्चों ने की मनमोहक चित्रकारी



**रीवा।** बाल भवन रीवा में बच्चों ने भगवान जगन्नाथ यात्रा के उपलक्ष में चित्रकला के माध्यम से भगवान के चित्र बनाएं और उनमें तूलिका से रंग भरे। इन चित्रों में बच्चों ने खूबसूरती के साथ प्रकृति को भी दर्शाया तथा पत्ते पर भगवान का चित्र उकेरा जिसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। चित्रकला में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया।

### हनुमना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोग घायल

**मऊगंज।** जिले के हनुमना तहसील के अंतर्गत इन दिनों मौसम की लगातार बारिश जारी है वही लपक गरज के साथ आकाशीय बिजली का भी कहर जारी है जहां बारिश होने के साथ-साथ ही आकाशीय बिजली लगातार गिर रही है। वही हनुमना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोईडर एवं बरही में आकाशीय बिजली गिरी। जिसमें दो लोग घायल हो गए।जिनका अस्पताल में इलाज जारी है उल्लेखनीय है कि हनुमना थाना क्षेत्र अंतर्गत लपक गरज के साथ आकाशीय बिजलीय गिरने से गोईडर सरपंच रेनु साकेत पति शिव प्रसाद साकेत उम्र 24 वर्ष घायल हो गई। वही बरही गाव की प्रीति कोल पति संतलाल कोल उम्र 22 वर्ष घायल हो गई। जिससे दोनों लोगों को हनुमना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपचार जारी है।

संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

# समाज कार्य के पाठ्यक्रम में फील्ड वर्क की अपनी महत्वपूर्ण उपयोगिता

**रीवा।** 10 जुलाई 2024 को टीआरएस कॉलेज के समाज कार्य विभाग द्वारा फील्ड वर्क के स्कोप शीर्षक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के द्वारा की गई। कार्यशाला की मुख्य वक्ता डॉ किरण सिंह अध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय सतना थी। कार्यशाला का संयोजन समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश शुक्ल के द्वारा किया गया। कार्यशाला में समाज कार्य के चतुर्थ सेमेस्टर विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज कार्य के पाठ्यक्रम में फील्ड वर्क की अपनी महत्वपूर्ण उपयोगिता है। फील्ड वर्क आपको एक योजना बनाने में सहायता प्रदान करता है। मुख्य वक्ता डॉ किरण सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि फील्ड वर्क का मूल उद्देश्य जमीनी स्तर पर जाकर



वास्तविक जानकारी इकट्ठा करना है। यह हमें हमारे अध्ययन के विषय को गहराई से समझने का अवसर प्रदान करता है। किसी भी शोध के लिए डेटा की प्रामाणिकता और सटीकता अत्यंत आवश्यक है, और फील्ड वर्क इस दिशा में एक महत्वपूर्ण साधन है। कार्यशाला में फील्ड वर्क का महत्व, समाज कार्य के विभिन्न क्षेत्रों में स्कोप, समाज कार्य अनुसंधान में तकनीकी उपकरणों का उपयोग,चुनौतियाँ और समाधान आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला के अंत में संयोजक प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल ने कार्यशाला के निष्कर्ष को प्रस्तुत करते हुए बताया कि फील्ड वर्क का व्यापक स्कोप है और इसे अनुसंधान एवं विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। संगोष्ठी का सफल संचालन डॉ गुंजन सिंह एवं आभार प्रदर्शन डॉ प्रियंका तिवारी के द्वारा किया गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**रीवा।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन म.प्र. के आह्वान पर जिला इकाई रीवा के द्वारा सिरमौर चौराहा रीवा से एक रैली के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदेश महासचिव किशोरी वर्मा, जिलाध्यक्ष शशी कला, जिला महासचिव रामबती सिंह के नेतृत्व में कलेक्टर रीवा के माध्यम से प्रधानमंत्री को आंगनवाड़ी कर्मियों की विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण हेतु आठ सूत्रीय ज्ञापन तो वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री म.प्र.शासन, महिला एवं बाल विकास मंत्री म.प्र.शासन एवं आयुक्त महिला एवं बाल विकास विभाग म.प्र.भोपाल के नाम सोलह सूत्रीय ज्ञापन के साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला रीवा को छः सूत्रीय ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि परियोजना अधिकारी रायपुर कर्चुलियान परि.क्र.1 द्वारा दिनांक 31.05.2024 को एक आदेश जारी किया गया जिसमें 41 आंगनबाड़ी कर्मियों का 5-5 दिन का मानदेय काटा गया जिसमें कार्य में कमी का विवरण में सम्पर्क ऐप में केन्द्र नहीं खोले जाना बताया गया, जबकि संपर्क ऐप में कमी के कारण किसी का मानदेय नहीं काटा जा सकता। यदि कोई ऐसा आदेश है कि सम्पर्क ऐप में कमी के कारण मानदेय काटा जायेगा तो कृपया आदेश उपलब्ध कराये, सेक्टर बैठक के दिन सिलपरा सेक्टर में निरीक्षण किया गया,



केन्द्र में कार्यकर्ता न मिलने के कारण 3 से 5 दिन का मानदेय काट लिया गया जबकि कार्यकर्ता कार्य करते हुए बैठक में उपस्थित थीं। इस तरह काम करने के बाद भी मानदेय काट लिया गया अतः मानदेय कटौती बंद करते हुए काटे गये मानदेय का भुगतान कराया जाय, लाडली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत कार्यकर्ता को प्रमाण पत्र निकलवाकर लाने को कहा जाता है वहीं पैसों का भुगतान भी कार्यकर्ता को ही करना पड़ता है जो न्याय संगत नहीं है कृपया ऐसी किसी भी गतिविधि पर रोक लगाई जाय, रायपुर परियोजना क्र.1 में पोर्टल की लिंक में लाडली लक्ष्मी की ई केवाईसी चेक करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गयी है सभी से मोबाईल में इतना काम नहीं बन पाता। ऐसी जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं पर न डाली जाय, प्रधानमंत्री मात्र बंदना योजना के मानदेय का भुगतान कराया जाय, आंगनवाड़ी कर्मियों को बैठकों, ट्रेनिंग व केन्द्र के अलावा अन्यत्र कहीं भी बुलाया जाय तो नियमानुसार टी.ए.डी.ए.का भुगतान कराया जाय। रैली में प्रमुख रूप से कमला तिवारी, सुनीता तिवारी, मालती रावत, शकुन्तला, रेनू मिश्रा, सौम्य तिवारी, अरुणा तिवारी, प्रभावती, सरला शुक्ला, विनीता पाण्डेय, मिथलेश शुक्ला, लालवती मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

अपर कलेक्टर ने तहसील कार्यालय गुढ़ में किया पौधारोपण

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान में जगह-जगह हुआ पौधारोपण

**रीवा ।** पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए जिले भर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में सभी शिक्षण संस्थानों एवं कार्यालय परिसरों में वृक्षारोपण किया जा रहा है। सामाजिक संगठन और स्वयंसेवी संस्थाएं भी इस अभियान में भागीदारी निभाकर जगह-जगह पौधे रोपित कर रही हैं। इस क्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने तहसील कार्यालय गुढ़ का निरीक्षण करने के बाद कार्यालय परिसर में पौधे रोपित किए। इस अवसर पर एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी तथा तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा ने भी पौधे रोपित किए। वृक्षारोपण अभियान के तहत गत दिवस गायत्री शक्तिपीठ रीवा में भी पौधे रोपित किए गए। शक्तिपीठ के आचार्यों तथा स्वयंसेवकों ने औषधीय पौधों का रोपण किया। डॉ रामसुजान सिंह स्मृति समिति की अध्यक्ष डॉ ज्योति सिंह ने सहयोगियों के साथ विश्वविद्यालय स्टेडियम के समीप हमार बिरवा माँ के नाम कार्यक्रम आयोजित कर 250 फलदार और छायादार पौधे रोपित किए। पेंटियम प्वाइंट कालेज परिसर में राष्ट्रीय सेवा





योजना के तहत लगभग सौ पौधे रोपित किए गए। कालेज के अध्यापकगणों तथा विद्यार्थियों ने कालेज परिसर में पौधे रोपित किए। मॉडल साइंस कालेज में भी वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी तरह सरदार वल्लभ भाई पटेल संस्थान निराला नगर में छात्र-छात्राओं एवं संस्था के सदस्यों ने पौधे रोपित किए। इसी तरह गुरूकुल विद्यालय रीवा में भी विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में पौधे रोपित किए। वृक्षारोपण का कार्यक्रम विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कृषि महाविद्यालय रीवा में महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा पौधे रोपित किए गए। एक पेड़ माँ के नाम अभियान में पूरे उत्साह के साथ जिले भर में पौधे रोपित किए जा रहे हैं।

# गुढ़ क्षेत्र में मिला गोवंश का कटा हुआ सिर

## अखिल भारतीय गौ सेवा समिति के सदस्यों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

**रीवा ।** जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत हर्दी गांव में नहर के समीप ग्रामीणों को गोवंश का धर कटा मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल अखिल भारतीय गौ सेवा समिति को दी गई सूचना मिलते ही अखिल भारतीय गौ सेवा समिति के संरक्षक गौवत्स राधा मोहन महाराज अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गोवंश का कटा सर देखकर उन्होंने तत्काल गुढ़ पुलिस को सूचित की और थाना पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाते हुए उनके ऊपर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है राधा मोहन महाराज ने बताया कि पशु



मलिक रमाशंकर मिश्रा के गाय की धड़ एक-दो दिन पहले का कटा हुआ प्रतीत हो रहा है, हमने पुलिस प्रशासन से अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है,वही अगर इन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती तो हम लोग वृहद आंदोलन के लिए बाध्य होंगे

**इनका कहना है**

हरदी गांव में गौवंश का सिर काटने की सूचना अखिल भारतीय गौ सेवा के द्वारा मिली है हमारे द्वारा पुलिस बल मौके पर भेज कर पंचनामा तैयार कर लिया गया है और आगे जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी
**हरिशंकर तिवारी थाना प्रभारी गुढ़**

दूषित पानी पीने से बीमार हुए लोगो से मिलने गांव के दौरे पर थे सांसद, गंदा टॉयलेट देख शुरू कर दी सफाई

# एक बार फिर टॉयलेट साफ करते नजर आए रीवा सांसद

**रीवा।** अपने अजब गजब कारनामों और बेबाक बयानों से हमेशा सुर्खियों में बने रहने वाले रीवा लोकसभा के भाजपा सांसद एक बार सुर्खियो में है। सांसद जनार्दन मिश्रा एक बार फिर से एक गंदे टॉयलेट की सफाई करते नजर आए है जिनका वीडियो सोसल मीडिया में तेजी के साथ वायरल हो रहा है।दरअसल बीजेपी सांसद जनार्दन मिश्रा ने मऊगंज जिले के देवतालाब विधानसभा क्षेत्र स्थित सीतापुर ग्राम पंचायत के डूंडा गांव का दौरा किया। इसी दौरान उन्हें वहां पर कुछ गंदे टॉयलेट दिखाई दिए, सांसद ने शौचालय में पहले पानी डाला फिर प्लास्टिक का ब्रश उठाया और कुछ ही मिनटों मे टॉयलेट को अपने हाथों से एकदम क्लीन कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक बीते दिनों मऊगंज जिले के डूंडा गांव में दूषित पानी पीने से 25 लोग बीमार हो गए थे, उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उनका उपचार किया गया। घटना के तीन दिन बाद मंगलवार को सांसद जनार्दन मिश्रा ने सीतापुर स्थित डूंडा गांव का दौरा किया। सांसद ने लोगों से मुलाकात की, जो



दूषित पानी पीकर बीमार हुए थे। सांसद ने मरीजों के साथ ही ग्रामीणों को भी बीमारी से बचने के कई उपाय बताए। सांसद ग्रामीणों से चर्चा ही कर रहे थे कि उसी दौरान वहां पर आसपास बने कुछ टॉयलेट पर उनकी नजर पड़ी, जो काफी गंदे थे। इसके बाद सांसद ने पानी मंगवाया और टॉयलेट के अंदर जा पहुंचे। उन्होंने प्लास्टिक के ब्रश को उठाया और अपने हाथों से ही गंदे टॉयलेट को साफ कर दिया। देखते ही देखते सांसद जनार्दन मिश्रा ने चंद मिनटों में गंदे टॉयलेट को चकाचक कर दिया।

पूर्व में भी अपने कार्यप्रणाली के लिए सुर्खियों मे थे सांसद

बता दें कि यह पहला मामला नहीं है कि सांसद जनार्दन मिश्रा ने गंदे टॉयलेट को अपने हाथों से साफ किया हो। इसके पूर्व भी वह कई बार अपनी कार्यप्रणाली को लेकर सुर्खियों में आ चुके हैं और इससे पहले भी सांसद टॉयलेट की सफाई कर चुके हैं। दो साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़े के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वह मऊगंज के खटखरी गांव में स्थित एक स्कूल पर पहुंचे थे और पौधारोपण करने के दौरान उन्हें स्कूल का गंदा टॉयलेट दिख गया और उन्होंनें अपने हाथों से उसकी सफाई की थी।

# मत्स्य कृषक दिवस का आयोजन सम्पन्न




रीवा। मत्स्य कृषक दिवस के अवसर पर मत्स्य बीज प्रक्षेत्र लखोरीबाग रीवा एवम सिरमौर प्रक्षेत्र में मछुआरों को समिति के सही तरीके से संचालन , मत्स्य बीज संचयन एवं बंद ऋतु काल में मत्स्याखेट नही करने के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सभी समिति सदस्यो से 100 वृक्षों का वृक्षारोपण किया। सहायक संचालक डॉ अंजना सिंह द्वारा सभी समिति सदस्यो को अपने आस पास एवम तालाबों के किनारे वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। मछुआ दिवस के अवसर पर चार हितग्रहियों को प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना से मत्स्य पालन के लिए स्वयं की भूमि में तालाब निर्माण, अनुसूचित जन जाति के हितग्राही को मछली विपणन हेतु फिश कियोस्क सेंटर के लिए 50 हजार का केसीसी एवं अनुसूचित जन जाति के एक हितग्राही को मत्स्य परिवहन हेतु थ्री व्हीलर वाहन के लिए अनुदान का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में कार्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी, मछली व्यापारी एवम समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### मऊगंज जिले में पांच पुलिस कर्मियों का हुआ तबादला, एसपी ने जारी किया आदेश

**मऊगंज।** जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से मऊगंज एसपी वीरेंद्र जैन ने जिले में पांच पुलिस कर्मियों का तबादला किया है,जिसमें दो उप निरीक्षक एक सहायक उप निरीक्षक सहित दो आरक्षक कुल पांच पुलिसकर्मियों का नाम शामिल है।जिन्हें आगामी आदेश तक नवीन पदस्थापना दी गई है।यह सूची कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला मऊगंज से जारी हुई है जिसमें उप निरीक्षक गोविंद प्रसाद तिवारी, उप निरीक्षक प्रजा पटेल, सहायक उप निरीक्षक अमर सिंह, आरक्षक मनीष पांडे और आरक्षक कन्हैया सिंह पटेल का तबादला हुआ है. हनुमना थाना क्षेत्र के पिपराही चौकी में पदस्थ उप निरीक्षक प्रज्ञा पटेल को मऊगंज थाने में तैनात किया गया है,

मामला दर्ज होने के बाद फरार आरोपी द्वारा निरंतर महिला को धमकी देने का आरोप

# चचेरे भाई ने चाकू की नोक पर महिला के साथ किया दुष्कर्म

**रीवा।** जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत एक चचेरे भाई में अपनी ही ब्याहता बहन की चाकू के नोक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया,घटना की शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपी निरंतर महिला एवं बच्चों को जान से मारने की धमकी दे रहा है जिससे परेशान महिला ने आत्मघाती कदम उठा लिया,महिला ने एक वीडियो जारी करके बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाला अहद खान उसका चचेरा भाई है महिला 29 अप्रैल को अपने मायके रीवा आई थी महिला को अकेला पाकर आरोपी ने 27 अप्रैल को दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और मासूम बच्चों को



मार देने की धमकी देते हुए उसके साथ निरंतर दुष्कर्म करता रहा घटना की जानकारी जब पति को हुई तो 26 मई को कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया इस दौरान आरोपी एवं उसके परिजन निरंतर महिला पर दबाव बना रहे थे,महिला जब अपने ससुराल पहुंची तो आरोपी कुछ सरहंगों के साथ उसके घर पहुंच गया और जान से मारने की धमकी देने लगा जिससे परेशान महिला ने आत्मघाती कदम उठा लिया, आरोपी की गिरफ्तारी न होने की वजह से दुष्कर्म पीड़ित महिला अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर परेशान है,इस पूरी घटना को लेकर महिला के द्वारा पुलिस अधीक्षक तक से फरियाद की गई है लेकिन उसके बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहा है।

# खटखरी में अवैध मकान पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**मऊगंज।** जिले के हनुमना तहसील के अंतर्गत खटखरी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत जमीन पर बने अवैध मकान पर प्रशासन का बुलडोजर चला। भू माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत ग्राम की बेशकीमती जमीन पर हुए अवैध कब्जे पर जिला प्रशासन का बुलडोजर चलाकर बने मकान को ध्वस्त किया गया। एसडीएम हनुमना एवं राजस्व टीम व पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। अवैध कब्जे पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनील मिश्रा द्वारा रावेन्द्र मिश्रा की जमीन पर मकान बनाकर अवैध कब्जा कर लिया गया था वहीं सुनील मिश्रा को नोटिस की अवहेलना करने पर जेल भेजा गया था सुनील मिश्रा द्वारा मकान बनाया गया था। जिसमे हनुमना एसडीएम ने मकान ध्वस्त करने के लिए एक टीम



गठित कर अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। वहीं गठित टीम में एसडीएम राजेश मेहता एवं हनुमना तहसीलदार तथा शाहपुर पुलिस तथा खटखरी चौकी प्रभारी सहित नईगढी पुलिस फोर्स लेकर अवैध मकान ध्वस्त कर दिया गया।